p>

Title: Demand to start the work of railway line from Pratapgarh to Mandsaur and Pratapgarh to Basnwada with partnership of state government of Rajasthan and Indian Railways.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): सभापति महोदय, चितौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में प्रतापगढ़ एक जिला है । मैं सौभाग्यशाली हूं कि चितौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में विद्युतीकरण, दोहरीकरण, नई रेलवे लाइन, ब्रॉडगेज लाइन, सारे काम चल रहे हैं । प्रतापगढ़ शेड्यूल फिफ्थ में एक आदिवासी जिला है । मंदसौर से प्रतापगढ़ के लिए नई रेलवे लाइन का सर्वे स्वीकृत हो गया है और प्रतापगढ़ से बांसवाड़ा का भी स्वीकृत हो गया है । उस जिले के कई गांवों में बिजली पहुंचाने का काम किया गया है, केन्द्रीय विद्यालय खोला गया है, पासपोर्ट ऑफिस खोला गया है और कई सड़कों के काम हुए हैं । अगर वह जिला रेलवे लाइन से जुड़ जाता है तो उस क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा, चूंकि वहां सर्वे हो गया है अगर सर्वे में रेट ऑफ रिटर्न कम आता है तो मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जिन राज्यों में रेलवे और राज्य सरकार का पार्टनरशिप के साथ काम चल रहा है, ऐसा एग्रीमेंट करके राजस्थान सरकार और रेलवे उस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने का काम करें ।